>

Title: Need to expedite construction of bye-pass in Gumla city in Lohardaga parliamentary constituency in Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मेरे संसदीय क्षेत्र लोहरदगा के अंतर्गत रांची से आने वाले तथा गुमला शहर के मध्य से होकर गुजरने वाले राजमार्ग पर गुमला शहर में प्रस्तावित बाईपास अभी तक वंचित है। बाईपास बनवाने के संबंध में पूर्व में भी मेरे द्वारा भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को पत्र द्वारा निवेदन किया गया था। यहां के स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए तथा लोगों को हो रही भारी असुविधा को ध्यान में रखते हुए मैं सरकार से एक बार पुनः आग्रह करता हूं कि गुमला बाईपास का निर्माण अविलंब कराया जाए जिससे कि यहां के स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पूरे देश के उन लोगों द्वारा जिनके द्वारा इस राजमार्ग का उपयोग किया जाता है, ये सभी लाभांवित हो सकेंगे।

जबकि गुमला में बाईपास हेतु एन.एच. एक्ट 1956 की धारा 3ए के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है तथा इसकी विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) भी केन्द्र सरकार के पास भेजी जा चुकी है। अतः संबंधित मामले की गंभीरता व लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कृपया लोकहित में जल्द से जल्द गुमला बाईपास का निर्माण कराया जाए।